प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 10 / 2026)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 22-1-2026 तत्काल प्रकाशन हेतु


**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने दिल्ली शहर और उसके आस-पास नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया**


भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दिसंबर 2025 के महीने के दौरान व्यापक शहर मार्गों को कवर करते हुए दिल्ली लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन हब और हाई-स्पीड कॉरिडोर में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे।

15 दिसंबर 2025 से 18 दिसंबर 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 347.4 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 12 हॉटस्पाट स्थानों और 7.8 किलोमीटर वॉक टेस्ट करते हुए विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**
क) वॉइस सेवाएं: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।
ख) डाटा सेवाएं: डाउनलोड/ अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले।
कॉल सेटअप सक्सेस रेट - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः100.00%, 95.23%, 98.36% और 99.64% है।
ड्रॉप कॉल रेट: - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः 0.12%, 6.60%, 0.36% और 0.00% है।

**प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन का सारांश:**
सी.एस.एस.आर.: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), सी.एस.टी.:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), डी.सी.आर: ड्रॉप कॉल रेट (% में), एमओएस : मीन ओपिनियन स्कोर ।



## सारांश - वॉइस सेवाएं

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 100.00%, 95.23%, 98.36% और 99.64%, है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 0.76, 3.27, 0.59 और 0.58 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.12%, 6.60%, 0.36% और 0.00% है।

**कॉल साइलेंस/ म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः 0.00%, 1.40% और 0.93% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 3.98, 2.75, 4.44 और 4.44 हैं।

## सारांश - डाटा सेवाएं

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड स्पीड 168.92 Mbps, एमटीएनएल (3G) की 4.40 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 265.51 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 34.35 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड स्पीड 25.54 Mbps, एमटीएनएल (3G) की 1.19 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 22.33 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 22.96 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 21.09 ms, 22.06 ms, 20.16 ms, और 20.19 ms है।

**डाटा निष्पादन - हौट स्पॉट ( Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 22.23 | 4G U/L: 10.80 |
| | 5G D/L: 149.27 | 5G U/L: 25.12 |
| आरजेआईएल - | 4G D/L: 33.19 | 4G U/L: 7.59 |
| | 5G D/L: 293.41 | 5G U/L: 23.86 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 19.17 | 4G U/L: 5.80 |
| | 5G D/L: 40.91 | 5G U/L: 34.54 |

**नोट- "डी/एल" डाउनलोड गति, "यू/एल" अपलोड गति। एमटीएनएल में 4 G और 5 G तकनीक नहीं देखी गई है।**

दिल्ली में, नेटवर्क के मूल्यांकन में हौज खास, ग्रेटर कैलाश, लाजपत नगर, खान मार्केट, पहाड़गंज, जनपथ मार्केट, राजिंदर नगर, पंजाबी बाग, अशोक विहार, मॉडल टाउन, जहांगीरपुरी, बल्ली मरण, विश्वविद्यालय जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे। भादूविप्रा ने बिड़ला मंदिर (लक्ष्मी नारायण मंदिर), दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम, नई दिल्ली, जिला और सत्र न्यायालय तीस हजारी,हौज खास मेट्रो स्टेशन, इंडिया गेट, आईएसबीटी कश्मीरी गेट, जामा मस्जिद, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, राष्ट्रपति भवन, लाल किला, सरोजिनी नगर मार्केट और सर गंगा राम हौस्पीटल, नई दिल्ली में वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया।

18 दिसंबर2025 को दिल्ली शहर में आयोजित किए गए वाक टेस्ट में कनॉट प्लेस मार्केट और चांदनी चौक मार्केट पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क के व्यवहार को दर्शाते हैं।

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।किसी भी स्पष्टीकरण/ जानकारी के लिए, श्री विवेक खरे, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली ) भादूविप्रा से ईमेल adv.ca@trai.gov.in या टेलीफोन नं 91-11-20907772 पर संपर्क किया जा सकता है।

Vivek Khare

(विवेक खरे)

सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., दिल्ली